विद्या ददाति विनयम्

राजकीय कन्या महाविद्यालय,अजमेर

सर्व धर्म प्रार्थना सभा- रपट

विश्व अहिंसा दिवस- 2 अक्तूबर 2022

राजकीय कन्या महाविद्यालय, अजमेर में 2 अक्टूबर 2022 को सर्वधर्म प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया जिसमें राजकीय कन्या महाविद्यालय के सभी संकाय सदस्यो एवं एन.सी.सी., राष्ट्रीय सेवा योजना की दोनों इकाइयों तथा अध्ययनरत छात्राओं ने भागीदारी निभाई ।

कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य डॉ. मंजुला मिश्रा , वरिष्ठ संकाय सदस्य डॉ. एस. के. शर्मा और डॉ. प्रवीण मिर्धा द्वारा राष्ट्रपिता महात्मा गॉंधी के चित्र पर माल्यार्पण के साथ हुआ | संगीत विभाग की सह आचार्य डॉ. लीलू व्यास और संगीत विभाग की छात्राओं द्वारा ' वैष्णव जन तो तेने कहिए ' , ' दे दी हमें आजादी बिना खड्ग, बिना ढाल ' और ' रघुपति राघव राजा राम " भजन और देशभक्ति गीतों की सुमधुर स्वर में उम्दा प्रस्तुति दी गई | प्राचार्य डॉ. मंजुला मिश्रा ने अपने उद्बोधन में राष्ट्रपिता महात्मा गॉंधी और पूर्व प्रधानमंत्री श्री लाल बहादुर शास्त्री जी को सादर नमन करते हुए मानवता और देश के लिए अविस्मरणीय योगदान पर प्रकाश डालते हुए इनके आदर्शों को जीवन में उतारने पर बल दिया | इस कार्यक्रम में सभी संकाय सदस्य, मंत्रालयिक कर्मचारी, छात्राएँ, एनसीसी और एनएसएस की स्वयंसेविकाएं उपस्थित रही | कार्यक्रम का संचालन श्रीमती जया अग्रवाल ने किया |

कार्यक्रम में महाविद्यालय स्तर पर 300 छात्राओं ने भाग लिया । महाविद्यालय स्तर पर नोडल अधिकारी की भूमिका नीलम नागौरा और जिला स्तर पर नोडल अधिकारी डॉ.प्रवीण मिर्धा ने निभाई । जिला स्तर पर आयोजित कार्यक्रमों में प्रज्ञा महाविद्यालय, संजीवनी कॉलेज और रमा देवी बी.एड महाविद्यालय में भी सर्व धर्म प्रार्थना सभाओं का आयोजन किया गया जिसमें 100 से अधिक छात्रों ने भाग लिया ।

इस अवसर पर महाविद्यालय की विज्ञान संकाय की एन.एस.एस की 40 छात्राओं ने जवाहर रंगमंच पर आयोजित हो रहे वन्य जीव संरक्षण सप्ताह के उदघाटन में भी भाग लिया जहाँ पर भी सर्व धर्म प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया । इस कार्यक्रम में महाविद्यालय की सह आचार्य डॉ.अलका पँवार ने कार्यक्रम संचालक की भूमिका का निर्वहन किया ।विश्व अहिंसा दिवस के अवसर पर महाविद्यालय की एन.सी.सी. नेवल और आर्मी विंग की छात्राओं ने एन.सी.सी. अधिकारियों के

नेतृत्व में अजमेर के चन्दबरदाई स्टेडियम में भाग लिया जहाँ वृहद् संख्या में विभिन्न अकादमिक संस्थाओं ने समवेत स्वर में सर्वधर्म प्रार्थना को स्वरबद्ध किया ।

GPS Map Camera
Ajmer, Rajasthan, India
FJCQ+7MX, Civil Lines Rd, Muslim Mochi Mohalla,
Ajmer, Rajasthan 305001, India
Lat 26.470897°
Long 74.63911°
Google

राजकीय कन्या महाविद्यालय, अजमेर
2 राज नेवल एनसीसी यूनिट, अजमेर

GPS Map Camera
Ajmer, Rajasthan, India
9, Indira complex, MDR85, Civil Lines, Ajmer, Rajasthan
305001, India
Lat 26.474147°
Long 74.637156°
Google

GOVERNMENT GIRLS COLLEGE, AJMER

जिला स्तर पर आयोजित कार्यक्रम - रमा देवी बी.एड महाविद्यालय,विजयनगर

प्राचार्य

राजकीय कन्या महाविद्यालय,अजमेर

जिला स्तर पर आयोजित कार्यक्रम- रमा देवी बी.एड महाविद्यालय,विजयनगर

Date
07/10/2022

मंजुला
प्राचार्य
प्राचार्य
राजकीय कन्या महाविद्यालय, अज
राजकीय कन्या महाविद्यालय,अजमेर